हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 कुरुद में विकास कार्यों पर प्रशासन का पहरा



5 कथित धर्मांतरण गतिविधियों की जांच की मांग



कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

लोहार विश्वकर्मा समाज की बैठक 1 नवंबर को

नगरी। लोहार विश्वकर्मा समाज की बैठक 1 नवंबर को दुगली पहाड़ स्थित सामाजिक भवन में होगी। बैठक में विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर विचार-विमर्श करना है।

वन अधिकार समिति की बैठक 2 को

धमतरी। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में 2 नवम्बर को जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक रखी गई है। सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव जिलास्तरीय वन अधिकार समिति ने बताया कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में यह बैठक दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

जिपं की सामान्य सभा का सम्मिलन 4 को

धमतरी। जिला पंचायत की सामान्य सभा का सम्मिलन 4 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मिलन में वीबी जी-राम-जी योजना, शिक्षा, वन, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, क्रेडा एवं अन्य विभागों की समीक्षा की जाएगी।

हरिकीर्तन कार्यक्रम अब 19 नवंबर से होगा

धमतरी। हटकेशर वार्ड में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय संगीतमय हरि कीर्तन एवं झांकी कार्यक्रम अचानक हुई बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया है।



जय मारूति सेवा समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 29, 30 एवं 31 अक्टूबर को था। अब आयोजन की नई तिथि 19, 20 एवं 21 नवंबर निर्धारित की गई है। कामताप्रसाद शरण महाराज (कुड़ेरादादर) के सानिध्य में हरि कीर्तन एवं आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति होगी।

सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष का चुनाव एक नवंबर को

धमतरी। सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। 18 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशी समाज के लोगों से संपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। चुनाव के लिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में छह मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें देवपुर, हटकेशर धमतरी, कोड़ेबोड़, मगरलोड और भठेली शामिल हैं। एक नवंबर को मतदान होगा।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा आज

धमतरी। भाजपा की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे बिलाईमाता मंदिर के पास स्थित गौशाला मैदान से सदर बाजार, मठ मंदिर, घड़ी चौक, सिहावा चौक होते हुए सिहावा रोड स्थित शांति वाटिका तक जाएगी। यहां एक विशाल जनसभा होगी। अभियान के जिला संयोजक ठाकुर शशि पवार ने बताया कि कार्यक्रम में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे होंगे। पदयात्रा के संयोजक महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, भानु चंद्राकर एवं महेंद्र पंडित बनाए गए हैं। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी इस यात्रा को भव्य बनाने लगातार बैठकें ले रहे हैं।

पीएम मोदी ने किसानों के खातों में अंतरित किए 18,680 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर के किसानों के साथ धमतरी जिले के किसानों ने भी ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा जिले से देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त हस्तांतरित की। इस किस्त के अंतर्गत देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में लगभग 18,680 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी में किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित

किसान विकसित भारत के सबसे मजबूत स्तंभ

प्रधानमंत्री ने किसान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसान एवं अन्नदाता विकसित भारत के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग, पशुपालन एवं डेयरी विकास, किसानों की आय में वृद्धि तथा कृषि अधोसंरचना को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।



धमतरी के किसानों ने ऑनलाइन सहभागिता की

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसंचालक कृषि मोनेश साहू एवं कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ईश्वर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान मोर्चा के रोहिताश मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 105 किसान, कृषि विज्ञान केंद्र के 7 वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के 12 अधिकारी सहित कुल 124 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने बनासकांठा में 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर, बायो-सीएनजी संयंत्र, कृषि अधोसंरचना विकास तथा अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल रहीं।

अतिथियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना बताया। किसानों को शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने, नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने तथा अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

दिसंबर से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, कमजोर स्कूलों पर प्रशासन की पैनी नजर

बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए जिला प्रशासन का मिशन 90 और 95 पार का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आगामी शिक्षण सत्र की शुरूआत 1 अप्रैल से हो जाएगी। इसी के साथ जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को एक नये मुकाम पर ले जाने और बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को बेहतर बनाने जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल करने कक्षा 10वीं के लिए मिशन 90 पार तथा कक्षा 12वीं के लिए मिशन 95 पार की विशेष रणनीति तैयार की गई है।

इस महत्वाकांक्षी अभियान की रूपरेखा तय करने हाल ही में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में जिले की सभी शासकीय अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के प्राचार्यों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ जहंत नाहटा ने की।

एक माह बाद परीक्षा गतिविधि शुरू हो जाएगी

एक दिसम्बर से यानी एक माह बाद बोर्ड की अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू होगी। जनवरी में प्रेक्टिकल और प्री बोर्ड की परीक्षा होगी और फरवरी में वार्षिक परीक्षा। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10वीं के 111 हाईस्कूल में 7536 विद्यार्थी, 12वीं के 57 हायर सेकेंडरी स्कूल में 5360 विद्यार्थी शिक्षारत हैं। जिले में 10वीं का रिजल्ट 79.44 प्रतिशत तथा 12वीं का 85.82 प्रतिशत रहा।

मिशन मोड में कार्य और सख्त निर्देश

बोर्ड परीक्षा परिणामों के गहन विश्लेषण के बाद श्री नाहटा ने साफ शब्दों में निर्देश दिए हैं कि अब केवल सामान्य शिक्षण से काम नहीं चलेगा। बल्कि सभी स्कूलों को मिशन मोड में काम करना होगा। राज्य के शैक्षणिक कैलेंडर का सख्ती से पालन करते हुए 15 नवम्बर तक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। पढ़ाई में पिछड़ रहे छात्रों की पहचान कर विशेष कार्ययोजना और उपचारात्मक कक्षाएं तथा विद्यार्थियों की स्कूलों में उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वहीं ऐसे स्कूल जहां का परीक्षा परिणाम 80 से 90 प्रतिशत से अधिक हैं, वहां के प्राचार्य को कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों का मेंटर बनाया गया है।

कमजोर परिणाम देने वाले अशासकीय स्कूलों की हो सकती है मान्यता रद्द

जिला शिक्षाधिकारी मधुलिका तिवारी ने बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से कम परिणाम देने वली 29 शासकीय एवं 23 अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों से व्यक्तिगत चर्चा की और अब तक के सुधारात्मक प्रयासों की समीक्षा की। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लगातार कमजोर परिणाम देने वाले अशासकीय विद्यालयों के विरूद्ध मान्यता निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। वहीं बेहतरीन परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों को जिला प्रशासन विशेष रूप से सम्मानित करेगा।

तकनीक और आधुनिक शिक्षा पर जोर

पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को आधुनिक समय की मांग के अनुरूप तैयार करने कई आधुनिक कदम उठाए गए हैं जिसमें जिला पीएलसी समिति के द्वारा तैयार प्रश्न बैंक और मॉडल उत्तरों का नियमित लिखित अभ्यास कराना है। जिला शिक्षा विभाग के यू ट्यूब चैनल और पीएम ई-विद्या के माध्यम से विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग, शनिवार को बैगलेस गतिविधियों के तहत कम्प्यूटर एवं एआई आधारित कक्षाओं का संचालन, विज्ञान प्रयोग शाला कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय एवं खेल संसाधनों के नियमित उपयोग को अनिवार्य किया गया है।

जवाबदेही और नियमित मॉनिटरिंग

परीक्षा परिणामों के सुधार के लिए बहुस्तरीय निगरानी तंत्र बनाया गया है। सेजेस गोकुलपुर की प्राचार्या श्रीमती शैलजा पांडेय ने बताया कि मिशन प्रतिशत 90, 95 के टारगेट के लिए, पिछले वर्ष जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम 80 से 90 प्रतिशत आया था, वहां के प्रिंसिपल को 60 से कम प्रतिशत लाने वाले शासकीय तथा अशासकीय स्कूलों का मेंटर बनाया गया है। इसी कड़ी में उसे शासकीय बालक स्कूल, नूतन हिन्दी स्कूल तथा वंदेमातरम स्कूल का मेंटर बनाया गया है। अशासकीय स्कूल का परिणाम गिरने से भी जिला का रिजल्ट प्रभावित होता है। इसके लिए कमजोर छात्रों से बातचीत करना, टीचर से मिलकर समझाने के साथ अच्छा परफार्मेंस देने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रत्येक 15 दिनों में प्राचार्यों द्वारा विषयवार शिक्षकों के साथ समीक्षा, प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर परीक्षा, जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग द्वारा लगातार प्रगति पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही शाला स्तर पर दो कालखंड विशेष अभियान, यू डाइस पोर्टल की प्रविष्टियां समय सीमा में पूर्ण करने जनप्रयास पोर्टल पर एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी इंदौर में गिरफ्तार

- कलेक्ट्रेट रोड में वेल्थ ट्रेकर नाम से कार्यालय खोलकर मोटी रकम निवेश कराया था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शेयर मार्केट में निवेश पर ज्यादा मुनाफा का लालच देकर करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस इंदौर में पकड़ने में सफल हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कालोनी हटकेशर में रह रहे विक्रम सिंह शाह दो वर्ष पहले कलेक्ट्रेट रोड में वेल्थ ट्रेकर नाम से कार्यालय संचालित करता था जो लोगों को ट्रेडिंग एप एवं शेयर मार्केट से ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम पर कई लोगों से मोटी रकम निवेश कराया था। निवेशकों को शुरूआती महीनों में उनकी इन्वेस्ट की गई राशि के बदले में ब्याज के रूप में मोटी रकम देता था। कुछ महीनों के बाद निवेशकों को ब्याज की राशि मिलनी बंद हो गई। निवेशकों द्वारा राशि लौटाने की बात कहने पर आरोपी खाता फ्रीज होने तथा अन्य तरह का आश्वासन देकर लोगों को गुमराह कर रहा था। उसके झांसे में धमतरी सहित अन्य जिले के लोगों ने मोटी रकम इन्वेस्ट किया था जो लगभग 20 करोड़ रूपये बताया जाता है। परेशान निवेशकों ने पुलिस को आवेदन देकर मामले की शिकायत की थी। गुरूर क्षेत्र के शिव कुमार साहू की शिकायत पर सिटी कोतवाली धमतरी में आरोपी विक्रम सिंह शाह के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। कोतवाली व साइबर की टीम लगातार विक्रम का लोकेशन ट्रेस कर रही थी। इसी बीच उसका लोकेशन इंदौर-एमपी में ट्रेस हुआ। पुलिस टीम इंदौर पहुंच आरोपी विक्रम सिंह शाह को पकड़ धमतरी ले आई। पुलिस उसे हिरासत में लेकर सिटी कोतवाली में पूछताछ कर रही है। आरोपी के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पीड़ित निवेश कोतवाली पहुंच गए। तरसींवा निवासी ने 60 लाख, कलारतराई के युवक ने 8 लाख रूपये सहित अन्य पीड़ितों ने भी बड़ी रकम निवेश करने की जानकारी दी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

अवैध महुआ शराब बेचते महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 12 .5 लीटर शराब और 3 हजार रुपये जब्त







जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में मगरलोड पुलिस ने ग्राम कमारपारा मोहंदी में दबिश देकर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बेचने के तीन अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 12.5 लीटर कच्ची महुआ शराब और बिक्री की 3 हजार रुपये नगद राशि जब्त की है।

पु लि स अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर मगरलोड पुलिस ने ग्राम कमारपारा मोहंदी में कार्रवाई की।

पहले मामले में पुलिस ने शिव कुमार कमार उम्र 45 वर्ष के कब्जे से 4 लीटर कच्ची महुआ शराब और 1 हजार रुपये नगद जब्त किए। दूसरे मामले में धनेश्वरी कमार उम्र 38 वर्ष के पास से 4.5 लीटर कच्ची महुआ शराब और 1 हजार रुपये नगद बरामद किए गए। तीसरे मामले में छविलाल कमार उम्र 45 वर् षके कब्जे से 4 लीटर कच्ची महुआ शराब और 1 हजार रुपये नगद जब्त किए गए।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

मराठापारा बस्ती का पथ संचलन एक नवंबर को

धमतरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मराठापारा बस्ती (मराठापारा, बांसपारा एवं सदर दक्षिण वार्ड) द्वारा एक नवंबर को विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मराठापारा में होगा।

आयोजन की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक एवं मराठा समाज धमतरी के पूर्व अध्यक्ष गणेश राव पवार करेंगे। मुख्य वक्ता राजिम विभाग के विभाग कार्यवाह दयामणी सिदार होंगे।

कार्यक्रम के तहत शाम 3.30 बजे एकत्रीकरण, 4 बजे पथ संचलन तथा 4.30 बजे मंचीय कार्यक्रम होगा। बस्ती प्रमुख ने स्वयंसेवकों से निर्धारित समय से 15 मिनट पहले कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील की है।

आटो व ई-रिक्शा में भिड़त, दोनों चालक घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- गोकुलपुर की घटना

गोकुलपुर रूद्री रोड में आटो व ई-रिक्शा में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों वाहन के चालक घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम आटो व ई-रिक्शा रूद्री रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान लक्ष्मी निवास चौक के पास गोकुलपर में दोनों वाहन के बीच आमने- सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में आटो व ई-रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं दोनों वाहन के चालक सनी निर्मलकर रिसाईपारा निवासी व देवकुमार साहू गोकुलपुर निवासी घायल हो गए। घटना के बाद चौक पर लोगों की भीड़ लग गई। इससे यातायात बाधित हो गया था। सूचना पर रेडक्रास के वाइस चेयरमेन शिवा प्रधान व अमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल ई-रिक्शा चालक को स्कूटी की मदद से उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल भिजवाया। वहीं दूसरा चालक अपने वाहन में सामान रखे होने के कारण साथी का इंतजार कर रहा था। सूचना पर यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर किनारे रखवाया। उसके बाद भीड़ को हटाकर आवागमन बहाल किया गया।

कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

अर्नब से फसल नुकसान पर 72 घंटे में देनी होगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कृषि विभाग के उपसंचालक मोनेश साहू ने चक्रवाती तूफान अर्नब को लेकर जिले के किसानों से अपील की है। अति गंभीर चक्रवाती तूफान अर्नब से फसल क्षति की जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल नुकसान की सूचना अनिवार्य रूप से समय पर देवें। किसानों को 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी द्वारा जारी टोल फ्री नं. 14447 कृषि रक्षक पोर्टल पर सूचना देना अनिवार्य है जिससे बीमा कंपनी 10 दिनों के भीतर सर्वे कर कपंनी को सर्वेयर जानकारी प्रस्तुत करेगी। यह प्रक्रिया फसल कटाई कर खेत और खलिहान में पड़े धान की फसल करपा के लिए कटाई उपरांत 14 दिवस के लिए लागू होगा। वर्तमान में खड़ी फसल पर जल प्लावन की स्थिति निर्मित होने पर योजनांतर्गत फसल कटाई प्रयोग पर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बीमा दावा भुगतान की गणना की जाएगी।

काम नहीं कर रहा है टोल फ्री नंबर

ग्राम देमार के किसान तेजराम साहू ने हरिभूमि को बताया कि उनकी खड़ी फसल लेट गई है। खेतों में पानी भरा है, अब धान के पकने की गुंजाईश नहीं है। इसकी जानकारी देने एवं क्लेम करने के लिए टोल फ्री नंबर 14447 में फोन किया गया । फोन उठाने के बाद काल ट्रांसफर करने की आवाज तो आती है। इसके बाद कोई बातचीत ही नहीं होती है। इसकी जानकारी कृषि विस्तार अधिकारी को देने पर वे भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं

कृषि उपसंचालक श्री साहू ने बताया कि किसानों को टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना देते समय किसान का नाम एवं मोबाइल नंबर, ग्राम, तहसील एवं जिला का नाम, खसरा नंबर एवं बीमित फसल का नाम देना होगा। बीमा पालिसी नंबर, नुकसान का विवरण एवं दिनांक का अभिलेख अनिवार्य रूप से अपने पास रखे जिससे जानकारी पोर्टल पर दर्ज हो सके।

नहीं तो बीमा क्लेम के पात्र नहीं होंगे

उपसंचालक श्री साहू ने कहा है कि अर्नब तूफान से असामयिक वर्षा हुई है। ऐसी स्थिति में घबराए नहीं। यदि फसल को भारी नुकसान हुआ है तो तुरंत सूचना राजस्व विभाग के पटवारी तथा ग्रामीण विकास के कृषि विस्तार अधिकारी को दें। कटी हुई या खड़ी फसल की फोटो-वीडियो बना लें। खलिहान की फसल को पॉलीथिन से ढंककर सुरक्षित स्थान पर रखें। नुकसान के 72 घंटे के भीतर सूचना नहीं देने पर बीमा क्लेम के लिए कृषक पात्र नहीं होंगे।





खबर संक्षेप



विधायक से मिले युवा साहू संघ के पदाधिकारी

धमतरी। जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरुण साहू एवं अन्य सदस्यों ने विधायक ओंकार साहू से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य विकास कार्यों के लिए शासन एवं विधायक निधि से राशि आवंटित करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान समाज के संगठनात्मक और सामाजिक विकास पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने शिक्षित युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने तथा समाज को बेहतर दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले सामाजिक सम्मेलनों एवं विभिन्न बैठकों में विधायक ओंकार साहू को आमंत्रित किया। विधायक ने समाज के कार्यों में सहभागी बनने और हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

निधन

नान्हूराम साहू

मगरलोड। ग्राम मेघा निवासी नान्हू राम साहू 90 वर्ष का निधन हो गया। वे गेंदूराम साहू, मकसूदन साहू के पिता थे। अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।



देवेंद्र साहू

जीजामगांव। ग्राम भेण्डसर (भखारा) निवासी देवेंद्र कुमार साहू का 28 अक्टूबर को निधन हो गया। वे यादराम साहू एवं जामबाई के पुत्र, गोमतीबाई के पति तथा चंदन साहू एवं वेदिका साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम के शातिघाट में किया गया। उनके निधन पर परसराम, भरतराम, मनोहर, रमेश, सुकालू, रामाधीन सहित अनेक ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



खमेश्वर साहू

अंवरी। ग्राम गणेशपुर निवासी खमेश्वर साहू उम्र 21 वर्ष का आकस्मिक निधन 28 अक्टूबर को हो गया। वे संतोष साहू एवं शाशि साहू के पुत्र थे। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।



पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने चंद्रदर्शन कर खोला व्रत

करवा चौथ पर महिलाओं ने की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, पति की मांगी दीर्घायु



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर नगर के चौक-चौराहों और बाजारों में रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना करते हुए पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

नगरी के वार्ड क्रमांक 15 स्थित पार्षद हरीश साहू की कॉलोनी में करवा चौथ पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाएं पारंपरिक परिधान एवं सोलह श्रृंगार में सज-धजकर पूजा स्थल पर पहुंचीं और विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना कर व्रत की परंपराओं का निर्वहन किया। रात्रि में चंद्रमा के



दर्शन होने पर महिलाओं ने छलनी से चंद्र दर्शन किए तथा अपने पति का चेहरा देखकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इस अवसर पर हरीश साहू, तारा साहू, नवीन साहू, डॉली साहू, कमलेश चंद्राकर, चंचल चंद्राकर, ऋषिकेश साहू, मानसी साहू, मनीष साहू , भारती साहू, भोजराज साहू, लता साहू, नरेंद्र साहू, वंदना साहू, दिगेश्वर सूर्याकर, मंदाकिनी सूर्याकर सहित कॉलोनी के अन्य लोग उपस्थित थे।

दुगली के माता अंगारमोती मंदिर प्रांगण में फूल मड़ई 13 नवंबर को

- आयोजन के लिए युवाओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम दुगली के माता अंगारमोती मंदिर प्रांगण में फूल मड़ई का आयोजन परंपरा अनुसार दिवाली के बाद प्रथम शुक्रवार 13 नवंबर को धूमधाम से किया जाएगा। प्रांगण में अंगारमोती सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र राज ध्रुव की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्व सम्मति से फूल मड़ई मनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से संपन्न कराने कार्य समिति का गठन किया गया। समिति के क्रियान्वयन के लिए अनिल यादव,



भावसिंह मरकाम, मनहरण लाल टांडेश, केशव नेताम, तोषण मरकाम, वरुण देव नेताम, आदित्य तिवारी, शिवा नेताम, तुषार मंडावी, घनश्याम मरकाम, मनीष नेताम, खुशहाल शिन्दे, मनीष नेताम, नमन नेताम, मिथलेश नेताम, हरिशंकर मरकाम, सुखनंदन मरकाम, घुराऊराम यादव एवं अंकुश को जिम्मेदारी सौंपी गई। सम्मान समारोह भी होगा।

मौके पर समिति के उपाध्यक्ष सीताराम नेताम, कोषाध्यक्ष शंकरलाल नेताम, महासचिव मनहरण टांडेश, सहसचिव भावसिंह मरकाम, संरक्षक रामेश्वर मरकाम, श्यामाचरण मंडावी, बसंत सिंह नरेटी, शंभु मरकाम, संतोष सोरी, आशाराम ओटी, कुंदन नेताम, भीखमसिंह मरकाम सहित अन्य मौजूद थे।

छात्र वेदराम का विवि स्तरीय क्रास कंट्री टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। हाल ही में 15 अक्टूबर को आयोजित सेक्टर इंटर कालेज क्रास कंट्री महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में बीपीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्र वेदराम ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए चतुर्थ स्थान हासिल किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सैकड़ों धावकों के बीच शीर्ष चार में जगह



बनाना महाविद्यालय के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है।

प्रतियोगिता में किए गए उत्कृष्ट और बेजोड़ प्रदर्शन के आधार पर वेदराम का चयन 7 नवंबर को मैंगलोर यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन क्रास कंट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वेदराम पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डा. आरके पाण्डेय, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी हरिराम साहू, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, चित्रमणि श्रीमाली, लीना दिली सहित प्राध्यापकगण डा. तरूण पटेल, डा. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, पवन ताम्रकार, डा. विक्रम सिंह, विजयकुमार एवं कौस्तुभ तिवारी ने हर्ष जताया है।

अंवरी अंचल में अर्नब चक्रवात का कहर, धान की फसल बर्बाद

- बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

अंवरी अंचल में अर्नब चक्रवात के प्रभाव से मौसम में आए अचानक बदलाव ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के चलते किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल बारिश और हवाओं के कारण जमीन पर गिर गई है। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से फसल खराब होने की आशंका बढ़



गई है। इससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं।

किसानों ने बड़ी उम्मीदों के साथ इस वर्ष धान की खेती की थी। फसल को तैयार करने के लिए किसानों ने खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि कार्यों में काफी धन खर्च किया था। दिन-रात मेहनत कर फसल को पकने तक पहुंचाया था। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार अच्छी पैदावार होगी और धान की बिक्री से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी, लेकिन चक्रवात के प्रभाव से बदले मौसम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बारिश और तेज हवाओं के कारण धान की बालियां खेतों में बिछ गई हैं। जमीन पर गिरी फसल के दानों के अंकुरित होने और सड़ने का खतरा बना हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है।

इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। पहले ही खेती की बढ़ती लागत और कृषि कार्यों में लगने वाले खर्च से किसान परेशान हैं, ऐसे में तैयार फसल को नुकसान पहुंचना उनके लिए बड़ा झटका है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित गांवों में जल्द से जल्द खेतों का सर्वे कराया जाए और फसल नुकसान का वास्तविक आकलन कर उचित मुआवजा एवं राहत राशि प्रदान की जाए।

समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ एवं धमतरी तहसील ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम तेलीनसत्ती में युवा विकास, व्यक्तित्व विकास पर युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। अतिथि महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जागृति साहू, रुक्मणि साहू तहसील उपाध्यक्ष थीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में चिरौंजीलाल साहू ने युवाओं को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने प्रेरित किया।

कार्यक्रम में दयाराम साहू पूर्व महामंत्री प्रदेश साहू समाज ने युवाओं को सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान और फायदे के बारे में जानकारी दी। पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहां एक पौधा भी लगाया गया।



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू ने सामाजिक संगठन एवं संरचनात्मक विषयों पर अपनी बातें रखी। मुख्य वक्ता हिमांशु साहू ने पेरेंटिंग कोचिंग और दैनिक दिनचर्या पर अपना उद्बोधन दिया।

डा. नारायण साहू ने एक कुशल उद्यमी बनने और नेचुरल प्रोडक्ट को बढ़ाने और नई गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू ने परिवार में संस्कार पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

अरुण कुमार साहू जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता और दक्षता को बढ़ाने की जरूरत है। समाज में एकता, अखंडता, भाईचारा जरूरी है। युवा समाज और राष्ट्र की शक्ति है। युवा जिस दिशा में चलता है, समाज और देश भी उसी दिशा में चलता है। समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंच का संचालन पूर्वा साहू ने किया।

पचपेड़ी स्कूल में 155 छात्रों के रक्त समूह की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारतीय जूनियर रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में छात्रों का रक्त समूह का परीक्षण किया गया। प्राचार्य विनोद ठाकुर के निर्देशन एवं प्रदीप मानिकपुरी व्याख्याता जीव विज्ञान के मार्गदर्शन में रक्त परीक्षण किया गया। रक्त परीक्षण के पूर्व कक्षा 11वीं एवं 12वीं विज्ञान संकाय के छात्रों को रक्त समूह के प्रकार ए, बी, एबी एवं ओ पॉजिटिव नेगेटिव के बारे में अवगत कराया। सीरम एंटीजन किट के प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी। प्राचार्य ने छात्रों को रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा में कमी से होने वाली शारीरिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी। प्रदीपकुमार मानिकपुरी ने कहा कि कोई भी स्वस्थ आदमी प्रत्येक 3 महीने में रक्तदान कर सकता है। संस्था में अध्यनरत 155 छात्रों के रक्त समूह की जांच की गई। कार्यक्रम में भारतीय जूनियर रेडक्रॉस के काउंसलर मेघराज साहू एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा सहित संस्था के शिक्षकगण उपस्थित थे।



न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 202608130100039/ब-121/वर्ष 2025-26

ग्राम-धमतरी, तहसील व जिला धमतरी

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक विद्यासागर सिन्हा पिता श्री जगदीश कुमार सिन्हा निवासी अम्बेडकर चौक धमतरी तहसील व जिला धमतरी द्वारा अपनी पत्नी स्व. आकांक्षा सिन्हा पर्यवेक्षक एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण का मृत्यु उपरांत पुरानी पेंशन का लाभ प्रदाय करने के संबंध में उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र हेतु कलेक्टर महोदय धमतरी से अनुविभागीय अधिकारी रा. धमतरी के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को अपनी आपत्ति/उजर दावा पेश करना हो तो वह दिनांक 06/11/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मगरलोड, जिला-धमतरी (छ.ग.)

// ज्ञापन //

क्र./Q/तह./वा.1/2026
मगरलोड, दिनांक 15/10/2026

प्रति,
1. पटवारी हल्का नं. 24
ग्राम मेघा, तहसील मगरलोड
2. पटवारी हल्का नं. 14
ग्राम बकोरी तहसील मगरलोड

विषय :-भूमि बिक्री संबंधी वर्तमान गाईड लाईन अनुसार एवं बिक्री छांट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

---00---

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, आवेदक/विक्रेता मोहन लाल ध्रुव पिता तिजूराम ध्रुव जाति गोड़ (आदिवासी) निवासी ग्राम कमरौद तहसील मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर ग्राम मेघा प.ह.नं. 24 तहसील मगरलोड स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः 1448, 2714 रकबा क्रमशः 0.02, 0.10 हे. एवं ग्राम बकोरी प.ह.नं. 14 तहसील मगरलोड स्थित भूमि ख.नं. 115 रकबा 0.610 हे. को अनावेदक/क्रेता वर्षा राठी पति श्री पंकज राठी जाति माहेश्वरी (गैर आदिवासी) निवासी मकान नं. 01 वार्ड क्रं. 15 बाजार चौक ग्राम मेघा तहसील मगरलोड जिला धमतरी के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत भूमि विक्रय अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला धमतरी के पास प्रस्तुत किये जाने से जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. कुरूद के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में भूमि बिक्री संबंधी वर्तमान गाईड लाईन अनुसार एवं बिक्री छांट प्रतिवेदन नियत सुनवाई दिनांक 30.10.2026 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

तहसीलदार
मगरलोड
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जोजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201





खबर संक्षेप

अर्नब तूफान से बर्बाद फसल का मुआवजा दे सरकार : लेखराम

धमतरी। कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम को पत्र लिखकर अर्नब तूफान से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कृषि कार्य के लिए बैंकों से कर्ज लेने वाले किसानों का ऋण माफ करने की भी अपील की है। श्री साहू ने कहा कि राज्य सरकार तत्काल जांच टीम गठित कर प्रभावित किसानों को राहत राशि देने की घोषणा करे। तूफान और तेज बारिश से धान की खड़ी फसल खेतों में गिर गई है, जिससे उत्पादन में 80 प्रतिशत तक नुकसान की आशंका है। उन्होंने प्रभावित किसानों को 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की। साथ ही कहा कि दीपावली जैसे पर्व के समय किसानों पर आर्थिक संकट गहराना चिंताजनक है। केंद्र सरकार से भी उन्होंने किसानों को विशेष राहत एवं मुआवजा देने की मांग की, ताकि प्रभावित परिवारों को आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके।



अर्नब का असर : सब्जियों की आवक घटी

धमतरी। चक्रवाती तूफान अर्नब का असर अब सब्जी बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। बेमौसम बारिश के कारण खेतों में सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। इसका असर श्यामतराई स्थित थोक सब्जी मंडी की आवक पर पड़ा है। शुक्रवार को मौसम खुलने के बाद मंडी में कुछ रौनक लौटी, लेकिन आवक कम रहने से कारोबार दोपहर 12.30 बजे तक ही सिमट गया। व्यापारियों के अनुसार बुधवार और गुरुवार को बारिश के चलते मंडी में कारोबार प्रभावित रहा। शुक्रवार को सब्जियों की आवक कम होने के बावजूद कीमत में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन शनिवार से दाम बढ़ने की संभावना है। थोक मंडी में टमाटर 700 रुपए कैरेट, फूलगोभी 60 रुपए, पत्तागोभी 15 रुपए, करेला 40 रुपए, भिंडी 25 रुपए, प्याज 60 रुपए, मिर्च 60 रुपए, धनिया 130 रुपए और अदरक 80 से 90 रुपए किलो बिका। व्यापारियों का अनुमान है कि आवक कम रहने पर खुदरा बाजार में सब्जियों के दाम 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं।

लोकतंत्र बचाने की जवाबदेही केंद्र सरकार की : जसूजा

धमतरी। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश जसूजा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली की घोषणा के बाद भाजपा सरकार भी देशभर में इसी नाम से रैलियां आयोजित कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र में किसकी सरकार है और लोकतंत्र की रक्षा की जवाबदेही किसकी है। श्री जसूजा ने कहा कि भाजपा का यह कदम कांग्रेस के आरोपों को स्वीकार करने जैसा है। उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस की रैली से व्यापारियों को नुकसान होने की बात उठाने वाली भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि भाजपा की देशव्यापी रैलियों से व्यापार प्रभावित नहीं होगा क्या। श्री जसूजा ने कहा कि जनता इन राजनीतिक गतिविधियों को समझ रही है।

सिर्री में चौमासा रामायण की हुई पूर्णाहुति

सिर्री। ग्राम सिर्री की सत्संग समिति द्वारा आयोजित चौमासा रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का शरद पूर्णिमा पर पूर्व सरपंच सौहेन्द्रसिंह गुरुदत्ता के निवास पर समापन हुआ। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और सत्संग के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया। डोटोपार निवासी रामायण व्याख्याकार वेदप्रकाश साहू ने रामायण की सारगर्भित व्याख्या भी की। थूहा के टुकेश यादव एवं बिरेझर के संतोष कुमार साहू ने तबले पर संगत दी, वहीं गायक देवराम कलहारी ने गायन में सहयोग किया।

मखाना की खेती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं जिले की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

29 एकड़ में मखाना की उपज का संग्रहण शुरू, महिला उद्यमिता के नए अवसर विकसित होंगे

जिले में कृषि विविधीकरण और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने की दिशा में मखाना की खेती नई संभावनाएं पैदा कर रही है। तालाबों में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल अब परिणाम देने लगी है। ग्राम छाती और डांडेसरा में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 29 एकड़ क्षेत्र में उत्पादित मखाना का संग्रहण शुरू हो गया है। महिलाओं को मखाना के संग्रहण और संग्रहण-पश्चात प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों का प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है। इससे उपज की गुणवत्ता, प्रसंस्करण और बाजार में बेहतर मूल्य मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

केंद्र सरकार की सेंट्रल सेक्टर स्कीम फॉर डेवलपमेंट ऑफ मखाना के तहत वर्ष 2025-26 में जिले को तालाबों में मखाना की खेती के लिए 165 एकड़ का लक्ष्य दिया गया था। इसके मुकाबले जिला प्रशासन और उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में 105 एकड़ क्षेत्र में मखाना की खेती शुरू की गई। ग्राम राखी, छाती, डांडेसरा और पीपरछेड़ी के साथ नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा में भी इस फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है।

छाती और डांडेसरा में शैलपुत्री स्व-सहायता समूह तथा नई किरण स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए 26 अक्टूबर को मखाना संग्रहण की शुरुआत और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम छाती-सेनचुवा की सरपंच दानेश्वरी साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ श्रीमती दीपिका चंद्रवंशी, उप संचालक उद्यानिकी पूजा कश्यप साहू, उद्यान विकास अधिकारी राहुल साहू और ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी नर्मदा प्रसाद भारती उपस्थित रहे।

समूहों को मिलेगा प्रबंधन का प्रशिक्षण

उप संचालक उद्यानिकी श्रीमती पूजा कश्यप साहू ने बताया कि महिला समूहों को कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी में आगामी दिनों में मखाना के संग्रहण-पश्चात प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उपज की उचित देखभाल, प्रसंस्करण और गुणवत्ता बनाए रखने की तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, ताकि महिलाएं इस गतिविधि को आजीविका और उद्यमिता के रूप में आगे बढ़ा सकें।



मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय संभावनाओं के अनुरूप कृषि की नई गतिविधियों को बढ़ावा देना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। मखाना की खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम बन सकती है।

कलेक्टर ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा, तय समय में गुणवत्तापूर्ण काम के निर्देश

कुरुद में विकास कार्यों पर प्रशासन का पहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति और निर्माण गुणवत्ता को परखने के लिए गुरुवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विभिन्न निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को दो-टूक हिदायत दी कि विकास कार्यों का असली मकसद सिर्फ ढांचा खड़ा करना नहीं, बल्कि नागरिकों को उसका सीधा लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यों में तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन करने और तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन रंगमंच, शासकीय नर्सिंग कॉलेज, संत गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवीन भवन और बस स्टैंड परिसर में बनने वाली चौपाटी का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने कहा कि रंगमंच के निर्माण से नगर को बड़े सांस्कृतिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित मंच मिलेगा। वहीं पीजी कॉलेज के नए भवन से उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।



नर्सिंग कॉलेज से सशक्त होगी स्वास्थ्य सेवा और युवाओं का भविष्य

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय नर्सिंग कॉलेज के मुख्य निर्माण कार्य के साथ-साथ वर्तमान में अस्थायी रूप से संचालित भवन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों के सुरक्षित शैक्षणिक परिवेश, कक्षाओं और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के पूर्ण संचालन से स्थानीय छात्र-छात्राओं को नर्सिंग की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को दक्ष व प्रशिक्षित मानव संसाधन मिल सकेगा।

बस स्टैंड चौपाटी से छोटे व्यापारियों को मिलेगा स्वरोजगार

बस स्टैंड परिसर में प्रस्तावित चौपाटी परियोजना का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने इसे यात्रियों व नगरवासियों के लिए सुविधाजनक और आकर्षक बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह परिसर स्थानीय छोटे व्यापारियों, खान-पान विक्रेताओं और युवाओं के लिए स्वरोजगार का एक बेहतरीन केंद्र बनकर उभरेगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पीयूष तिवारी, सीएमओ महेंद्र गुप्ता सहित लोक निर्माण विभाग और संबंधित विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

राजभवन में धमतरी के 89 स्काउट गाइड को मिला राज्यपाल पुरस्कार

- गाइड कैप्टन शशि को दीर्घकालीन सेवा अलंकरण राज्य पुरस्कार से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारत स्काउट एवं गाइड्स राज्य राज्य मुख्यालय छग द्वारा राज्यपाल पुरस्कार एवं दीर्घकालीन सेवा अलंकरण समारोह का आयोजन राजभवन रायपुर में किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका थे। अध्यक्षता गजेंद्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री ने की। विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सिंह खालसा राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड्स, स्कूल शिक्षा सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह, राज्यपाल सचिव सी.आर. प्रसन्ना थे।

इस अवसर पर धमतरी जिले से लंबी अवधि तक स्काउटिंग गाइडिंग में जिला ,राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली गाइड कैप्टन श्रीमती शशि कंडरा को दीर्घकालीन सेवा अलंकरण राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2025 में राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर में सफल होने वाले धमतरी जिले के 24 स्काउट, 61 गाइड , 2 रोवर तथा 2 रेंजर कुल 89 बच्चों को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हुआ। रोवर रुद्र कुमार, रेंजर घनिष्ठा, स्काउट विनय कुमार, गाइड वर्षा देवांगन एवं प्रभारी गाइड कैप्टन श्रीमती ललिता साहू ने समारोह में धमतरी का प्रतिनिधित्व किया।

समारोह में राज्य सचिव अमित क्षत्रिय, कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ पूनम सिंह साहू, राज्य संगठन आयुक्त जलवती साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर चेतन हिंदूजा, मधुलिका तिवारी, यदुनंदन वर्मा, गणेशप्रसाद साहू, कृष्णाराम साहू, गजानंद साहू, जितेंद्र साहू, यशोदा सोनकर, वनिता मगर, डोलेश्वरी साहू, जीवनलाल साहू, भगत यादव, सोहनलाल साहू, नेमलाल गंगेले, हिना भेंसले, लीलाधर चौधरी, रजनीगंधा जगताप, टिकेश्वर पांडे, नेतू राम यादव, भूपेंद्र साहू, उमेश बशिष्ट, राहुल नेताम, सत्यम पुरी गोस्वामी, विजय साहू, भारतलाल साहू, डॉ मंजूषा साहू, योगिता कंवर, प्रीति शांडिल्य समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

दीपावली पर स्वच्छता की विशेष तैयारी, 320 कर्मचारी संभाल रहे मोर्चा



- अतिरिक्त कचरे के उठाव के लिए निगम ने बढ़ाए संसाधन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली की तैयारियों के बीच शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। घरों और दुकानों में चल रही साफ-सफाई के कारण इन दिनों सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दोगुना कचरा निकल रहा है। इसके बावजूद कचरे का समय पर उठाव और निष्पादन सुनिश्चित करने निगम का स्वच्छता अमला पूरी मुस्तैदी से जुटा है। करीब 320 स्वच्छता कर्मचारी नियमित काम के साथ अतिरिक्त समय देकर जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

निगम स्वच्छता अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि दीपावली को देखते हुए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। अतिरिक्त कचरे के उठाव के लिए 3 ट्रैक्टर, 16 छोटा हाथी, 2 जेसीबी और 3 टिप्पर सहित अन्य मशीनरी लगाई गई है। कचरा संग्रहण वाहनों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं, ताकि घरों और दुकानों से निकलने वाला कचरा जमा न हो।

उन्होंने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को और आधुनिक बनाने रोड स्वीपिंग मशीन और बड़े वैक्यूम क्लीनर की खरीदी के लिए टेंडर जारी किया गया है। इससे सड़कों की धूल और नालियों की सफाई में सुविधा मिलेगी तथा जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी।

शशांक मिश्रा ने नागरिकों से अपील की कि कचरा डोर-टू-डोर वाहनों में ही डालें और नालियों में कचरा न फेंकें। निगम के प्रयास के साथ जनसहयोग से दीपावली पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

चांदनी रात में ट्रेकिंग, देसी भोजन का लिया लुत्फ, ग्रामीण संस्कृति से हुए रूबरू



- मध्यप्रदेश के बाइकर्स ने घीकुड़िया में सोंढूर नदी के तट पर किया कैंपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन संभावनाओं को करीब से अनुभव करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश से आए बाइकर्स के एक समूह ने घीकुड़िया गांव के समीप सोंढूर नदी के तट पर रोमांचक कैंपिंग एवं प्रकृति पर्यटन गतिविधि में हिस्सा लिया। निरई माता पर्यटन समिति द्वारा आयोजित इस कैंपिंग कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसकी पूरी व्यवस्था स्थानीय युवाओं द्वारा की गई।

कैंपिंग स्थल की तैयारी, पर्यटकों की मेजबानी, खानपान एवं विभिन्न गतिविधियों के संचालन में गांव के युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। बाइकर्स ने सोंढूर नदी के विस्तृत रेतीले तट पर टेंट लगाकर रात्रि विश्राम किया। उन्होंने स्थानीय देसी व्यंजनों का स्वाद लिया तथा बर्ड वॉचिंग और नेचर वॉक के माध्यम से क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा एवं जैव विविधता को करीब से जानने का अवसर प्राप्त किया। चांदनी रात में नदी की रेत पर नाइट ट्रेकिंग इस यात्रा का विशेष आकर्षण रही।

खुले प्राकृतिक वातावरण में आयोजित स्टोरी टेलिंग सेशन में प्रतिभागियों ने अपने यात्रा अनुभव, रोमांचक किस्से और प्रकृति से जुड़े संस्मरण साझा किए। इस दौरान बाइकर्स ने सरई बाबा के दर्शन एवं भ्रमण भी किया। ग्रामीणों से मुलाकात कर स्थानीय संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन और ग्रामीण जीवनशैली को करीब से समझा। निरई माता पर्यटन समिति के माध्यम से स्थानीय युवाओं द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सामुदायिक पर्यटन का एक सकारात्मक उदाहरण है।

इस तरह की गतिविधियों से ग्रामीणों की पर्यटन में भागीदारी बढ़ाने, स्थानीय खानपान एवं संस्कृति को पहचान दिलाने और गांव में रोजगार तथा आजीविका के नए अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा सकती है।

100 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का दिया संदेश



- संत विज्ञानदेव महाराज के जन्मोत्सव पर आयोजित हुआ शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में स्ववेद कथा के प्रवर्तक संत विज्ञानदेव महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में धमतरी जिला मुख्यालय स्थित मानस सेवा ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर में विहंगम योग संत समाज जिला धमतरी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें करीब 100 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि रक्तदान महादान है और मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। विहंगम योग संत समाज द्वारा आयोजित यह शिविर मानवता, सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को मजबूत करता है।

कार्यक्रम में हेमलाल चक्रधारी, उमेश साहू प्रदेश प्रचार मंत्री, टिकेश्वर साहू, माहेश्वरी चक्रधारी, मोना बघेल, अर्चना बघेल, लक्ष्मी साहू, नारायण साहू, परमेश्वर साहू, उमेश साहू, महेंद्र साहू, वेदराम साहू जिला संयोजक, तरुण साहू सहित विहंगम योग संत समाज के सदस्य एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

व्याख्याता खोमन को मिला समाज दीप रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह का आयोजन वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा थे। अध्यक्षता मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण ने की। विशिष्ट अतिथि जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री, संजय कुमार मैथिल संयोजक व संस्थापक, मीना भारद्वाज अध्यक्ष, मुकेश झा, अखंड प्रतापसिंह साहित्यकार, वसंत पटेल समाजसेवी थे। इसी कड़ी में नवाचारी एवं शिक्षा तथा समाज सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में लगातार उल्लेखनीय कार्य करने वाले खोमनलाल साहू व्याख्याता वाणिज्य शाउमावि डोमा समाज दीप रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। छत्तीसगढ़ व्याख्याता वाणिज्य विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुप्रसाद साहू ने कहा कि संघ के संचालक खोमनलाल साहू का कार्य अद्भुत है। इस उपलब्धि पर डॉ प्रदीप साहू, आकाशगिरी गोस्वामी, विवेक ध्रुवे, प्राप्ति वशानी, शिवा प्रधान, मनोज साहू, सत्यप्रकाश प्रधान, दुष्यंत सिन्हा, प्राचार्य रामानंद साहू, सरोज सिन्हा, शेषनारायण चंद्राकर, आशीष नायक, नवीन साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग

डीए में 2 प्रतिशत वृद्धि से शिक्षक-कर्मचारियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दीपावली से पहले राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा पर सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई धमतरी ने नाराजगी जताई है। संगठन का कहना है कि केंद्र की तुलना में राज्य कर्मचारियों को कम डीए मिल रहा है और बकाया एरियर पर भी सरकार ने कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।



जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच केवल 2 प्रतिशत डीए वृद्धि कर्मचारियों की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है। केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के बीच महंगाई भत्ते का अंतर लगातार बना हुआ है। उन्होंने देय तिथि से डीए देने और बकाया एरियर का भुगतान करने की मांग की।

प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर ने कहा कि सरकार की घोषणा मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं है। वहीं प्रांतीय संगठन महामंत्री राजेंद्र वर्मा ने कहा कि महंगाई भत्ता कर्मचारियों का अधिकार है, कोई एहसान नहीं। सरकार को केंद्र के समान डीए देने के साथ एरियर भुगतान की समय-सीमा भी घोषित करनी चाहिए।

फेडरेशन ने चुनावी घोषणा पत्र में केंद्र के समान **डीए** और एरियर देने के वादे को पूरा करने की मांग की है। केशव यादव, भेषज साहू, नवीन मारकंडे, दुष्यंत सिन्हा, लुकेश साहू, तेजलाल साहू, ममता प्रजापति, टेमन साहू, राजकुमार क्षत्रिय, भूपेश साहू, खेमचंद देशलहरे सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है।

खबर संक्षेप

भाजपा लोकतंत्र की आवाज दबा रही : वाधवानी

धमतरी। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने आरोप लगाया कि



देशभर में भाजपा के खिलाफ माहौल बन रहा है। राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली आयोजित कर रहा है। विपक्ष चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग उठाएगा। श्री वाधवानी ने कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज, बिहार में युवाओं पर कथित अत्याचार, मणिपुर हिंसा, चीन सीमा विवाद, अमेरिकी टैरिफ और बढ़ती महंगाई पर भाजपा जवाब क्यों नहीं देती। उन्होंने कहा कि सत्ता से सवाल पूछने वाले युवा अराजक नहीं हो सकते। भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास है।

आज संघ का पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव

कुरुद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुरुद मंडल द्वारा 31 अक्टूबर को नगर के पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता, एकात्मता और हिंदू चिंतन आधारित जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जायेगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम से पूर्व स्वयंसेवकों द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला जाएगा। यह संचलन पुरानी मंडी से प्रारंभ होकर शंकर नगर, बाईपास चौक, तहसील चौक, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार चौक, गांधी चौक और थाना चौक होते हुए वापस पुरानी मंडी पहुंचेगा। इसके बाद मुख्य सभा होगी। सभा की अध्यक्षता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरुद के पूर्व प्राचार्य छबिलाल विश्वकर्मा करेंगे। मुख्य वक्ता राजिम विभाग के सह विभाग कार्यवाह घनश्याम साहू होंगे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा शारीरिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके पश्चात अध्यक्ष और मुख्य वक्ता का उद्बोधन होगा।

किसान सम्मान निधि दीपावली पर किसानों के लिए अनुपम उपहार : रणसिंह

धमतरी। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद राव रणसिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित करना दीपावली के



अवसर पर किसानों के लिए अनुपम उपहार है। इससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा और त्योहार की खुशियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक आपदा एवं अनंब तूफान से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार प्रयासरत है। श्री रणसिंह ने विपक्ष पर त्योहारों के दौरान अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव ईवीएम से हों या बैलेट पेपर से, भाजपा जनता के बीच अपने कार्यों और नीतियों के आधार पर विश्वास बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार किसानों के कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण और देश की प्रगति को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है।

छाती में नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के लिए 36 लाख स्वीकृत

पुरी। ग्राम छाती के जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्र के स्थान पर नवीन भवन निर्माण के लिए 35 से 36 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष पालनहार दिली ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के समक्ष यह मांग रखी थी तथा आवेदन सौंपा था। इस पर मंत्री ने जल्द निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। अब राशि स्वीकृत होने से ग्रामवासियों में खुशी है।

जिपं की स्थायी समिति की बैठक में महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

52 बच्चों को मिल रही चार हजार मासिक सहायता चार उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पंचायत की महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में सभापति मोनिका देवांगन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा जिले में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सुपोषण अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिले में कुपोषण मुक्ति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों, बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तथा जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने के विषय पर चर्चा हुई।

बैठक में ऐसे बच्चों के लिए शासन द्वारा संचालित सहायता योजना की जानकारी दी गई, जिनके माता-पिता नहीं हैं अथवा जिनके पिता नहीं हैं और माता कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे बच्चों को शासन की योजना के तहत प्रतिमाह 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिले में कुल 52 बच्चों को इस योजना अंतर्गत सहायता राशि दी गई है।

जिले में नवीन आंगनबाड़ी भवनों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिन आंगनबाड़ी भवनों को मरम्मत की आवश्यकता है, उनके लिए प्राप्त राशि को जिला पंचायत में प्रेषित किए जाने पर भी चर्चा की गई। सभापति श्रीमती देवांगन ने आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक देखभाल संबंधी बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में आवश्यक पहल करने पर जोर दिया। कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि पूर्व में भेजे गए प्रस्तावों में से जिले के चार उपस्वास्थ्य केंद्रों के नवीन भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें छाती, सियारीनाला एवं कचना, मोहेरा के कुल चार उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त अछोटा, डोमा क्षेत्र में उस्वास्थ्य केंद्र का नवीन भवन तथा ग्राम दोनर में नवीन स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी दी गई। ग्राम अछोटा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भी प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, मीना साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अधिकारी मरकाम जी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके टोंडर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से आशालता गुप्ता, आयुष विभाग से डा. कृपाराम ठाकुर सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बोरझरा में भाजपा को राहत, नाराज युवाओं ने वापस लिया इस्तीफे का फैसला



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

बोरझरा भाजपा में सामूहिक इस्तीफे की चर्चा के बीच अब राहत भरी खबर सामने आई है। पार्टी से नाराज चल रहे 50 से अधिक युवाओं को मना लिया गया है। युवाओं ने इस्तीफा देने का अपना फैसला रद्द कर दिया है, जिससे संगठन ने राहत की सांस ली है।

मिली जानकारी के मुताबिक बोरझरा भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं के बीच नाराजगी की चर्चा चल रही थी। नाराजगी के चलते 50 से अधिक युवाओं द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा देने की बात सामने आई थी। इस घटनाक्रम से क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई थी। कार्यकर्ताओं के इस्तीफे के खबर को त्वरित संज्ञान लेकर संगठन में बेहतरीन पकड़ रखने वाले जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी छत्रपाल बैस एवं रामस्वरूप साहू की संयुक्त टीम बोरझरा पहुंची जहां नाराज युवा और पंचायत प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक लेकर नाराजगी का कारण जाना।

पंचायत प्रतिनिधि व युवाओं के बीच उपस्थित वरिष्ठों ने अपने कुशल नेतृत्व व चातुर्य वाकपटुता से दोनों के बीच उत्पन्न मतभेद को खत्म कर नाराज युवाओं के इस्तीफे रद्द करवाए। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को चेताया कि ऐसा कोई भी फैसला न ले जिससे पार्टी संगठन को नुकसान हो। सदैव संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें।

सर्वोदय स्कूल की दो छात्राओं को मिला राज्य पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा राजभवन में आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल की दो छात्राओं महिमा साहू एवं वर्षा देवांगन को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने दोनों छात्राओं को राज्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं स्काउटिंग गतिविधियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती तारा सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत सिन्हा, डायरेक्टर टी. सिन्हा, गाइड कैप्टन प्रभारी शिक्षिका श्रीमती ललिता साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। स्काउट्स एवं गाइड्स के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित होती है।

कथित धर्मांतरण गतिविधियों की जांच की मांग





- हिंदू संगठनों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को लेकर कथित धर्मांतरण गतिविधियों की आशंका के बीच विवाद गहरा गया है। इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने तहसील कार्यालय के पास प्रदर्शन किया और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।

ज्ञापन में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि शहर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है, जबकि आयोजन को विशेष समुदाय का धार्मिक कार्यक्रम बताया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रमों के वास्तविक उद्देश्य, स्वरूप और गतिविधियों की जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं ने आशंका जताई है कि धार्मिक आयोजनों की आड़ में यदि किसी व्यक्ति को प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है, तो यह गंभीर मामला है। इससे परिवारों में मतभेद और सामाजिक तनाव की स्थिति भी बन सकती है। आगे कहा है कि जांच में धर्मांतरण संबंधी कानूनों का उल्लंघन या अन्य अवैधानिक गतिविधियां सामने आने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर आयोजन पर रोक भी लगाई जाए। हिंदू संगठनों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने और सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की मांग की है।

एलएलबी के प्राध्यापकों का स्थानांतरण रोकने महापौर ने दिया भरोसा



- विधि के छात्र-छात्राओं ने महापौर से मुलाकात कर रखी अपनी समस्या
- शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने की जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में संचालित एलएलबी पाठ्यक्रम के समस्त प्राध्यापकों का कुरूद में प्रारंभ होने वाले बीए एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए स्थानांतरण किए जाने की जानकारी से विद्यार्थियों में चिंता बढ़ गई है। अपनी पढ़ाई और भविष्य पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए छात्र-छात्राओं ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी और स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की।

विद्यार्थियों ने महापौर को बताया कि सभी विधि प्राध्यापकों के स्थानांतरण से धमतरी में एलएलबी की नियमित कक्षाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे न केवल पाठ्यक्रम पूरा होने में परेशानी आएगी, बल्कि आगामी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि धमतरी में पहले से संचालित विधि शिक्षा की व्यवस्था को कमजोर होने से बचाना जरूरी है।

विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए महापौर रामू रोहरा ने उनके शैक्षणिक हितों को सर्वोपरि बताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले को संबंधित उच्च शिक्षा विभाग और शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। विद्यार्थियों के भविष्य को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए हरसंभव उचित पहल की जाएगी। महापौर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है। विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उनकी समस्याओं का उचित समाधान निकालने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

नगर पंचायत बड़ी करेली की निर्वाचक नामावली का संशोधित कार्यक्रम जारी

- 6 नवंबर दोपहर 3 बजे तक प्राप्त की जाएंगी दावा-आपत्तियां, 12 नवंबर तक निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत नगर पंचायत बड़ी करेली के निर्वाचन हेतु आवश्यक फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी पूर्व में जारी कार्यक्रम के स्थान पर संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन धमतरी ने बताया कि निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना 30 अक्टूबर से और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 नवंबर की दोपहर 3 बजे तक तथा दावा-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 12 नवंबर है।

प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 नवंबर और प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर है।

दावा आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिनों के भीतर किया जाएगा।

परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना 25 नवंबर तक, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को 26 नवंबर तक सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना 27 नवंबर और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा।

पटाखा दुकानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली पर्व के दौरान निर्मित स्थायी एवं अस्थायी संरचनाओं तथा पंडालों में संचालित पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि दुकान संचालकों को अग्निशमन यंत्र सहित सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने होंगे। नियमों की अनदेखी से होने वाली किसी भी घटना के लिए संबंधित दुकान संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे। पटाखा दुकानें किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे-कपड़े, बांस, रस्सी और टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। साथ ही दुकानों को एक-दूसरे के ठीक सामने भी नहीं बनाया जा सकेगा।

बिजली और आग से बचाव के लिए विशेष सावधानी

पटाखा दुकानों में रोशनी के लिए तेल के लैंप, गैस लैंप और खुली बिजली बत्ती का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। विद्युत तारों के जोड़ खुले नहीं होने चाहिए तथा प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगाना अनिवार्य होगा, ताकि शॉर्ट सर्किट की स्थिति में बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो सके। दुकानों को ट्रांसफार्मर के पास नहीं बनाया जाएगा और न ही उनके ऊपर से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजरनी चाहिए। प्रत्येक पटाखा दुकान में पांच किलोग्राम क्षमता का डीसीपी (ड्राई केमिकल पाउडर) अग्निशामक यंत्र रखना होगा। इसके अलावा दुकानों के सामने निर्धारित अंतराल पर 200 लीटर क्षमता के पानी से भरे ड्रम और बाल्टियों की व्यवस्था भी करनी होगी।

50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी प्रदर्शन पर रोक

सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के भीतर आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। दुकानों के सामने बाइक और कार की पार्किंग भी प्रतिबंधित रहेगी, ताकि आपात स्थिति में अग्निशमन वाहनों की आवाजाही बाधित न हो। अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस के संपर्क नंबर दुकान परिसर में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गोलबाजार पहुंचे विधायक, फल-सब्जियों की खरीदारी कर व्यापारियों से किया संवाद



- गोलबाजार की रौनक और व्यापारियों की मेहनत ही धमतरी की असली पहचान : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र गोलबाजार पहुंचकर फल एवं सब्जियों की खरीदारी की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और बाजार की गतिविधियों को लेकर बातचीत की।

गोलबाजार में विधायक की सहज उपस्थिति के दौरान स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों के साथ आत्मीयता एवं अपनापन देखने को मिला। उन्होंने बाजार में खरीदारी करते हुए स्थानीय व्यापारियों के साथ संवाद किया और उनके व्यवसाय एवं रोजमर्रा की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि गोलबाजार धमतरी की पहचान और शहर की जीवंतता का प्रतीक है। स्थानीय बाजारों की रौनक, छोटे व्यापारियों की मेहनत और आम नागरिकों से सीधा जुड़ाव ही हमारी असली ताकत है। स्थानीय बाजारों को प्रोत्साहन देना और छोटे व्यापारियों के साथ खड़े रहना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में आम नागरिकों के बीच पहुंचकर उनसे मिलना, उनकी बातें सुनना और स्थानीय व्यापारियों से संवाद करना हमेशा सुखद अनुभव होता है। धमतरी की असली खूबसूरती यहां के लोगों के अपनापन, मेहनत और आपसी भाईचारे में बसती है।

कुरूद को मिली दोहरी सौगात, एसडीएम कार्यालय के साथ अब तहसील कार्यालय का भी बनेगा नवीन भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद







दोनों भवनों के निर्माण के लिए कुल 2 करोड़ 50 लाख 4 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति

कुरूद क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। राज्य शासन ने कुरूद में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय के नवीन भवन के साथ तहसील कार्यालय भवन के निर्माण के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दोनों भवनों के निर्माण के लिए कुल 2 करोड़ 50 लाख 4 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 27 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार कुरूद में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 25 लाख 2 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही कुरूद तहसील कार्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए भी 1 करोड़ 25 लाख 2 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। तहसील कार्यालय भवन निर्माण के लिए राज्य शासन ने कुल 3 करोड़ 75 लाख 6 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं।

विधायक अजय चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व एवं जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुरूद में एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय के नवीन भवनों की स्वीकृति क्षेत्र की प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि कुरूद में एसडीएम एवं तहसील कार्यालय के नवीन भवनों की स्वीकृति से अनुविभागीय और तहसील स्तर पर प्रशासनिक अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। दोनों कार्यालयों में बेहतर कार्यस्थल एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने से शासकीय कार्यों के संचालन, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा नागरिकों को राजस्व सेवाएं प्रदान करने में सहूलियत होगी।

छात्राओं ने दिया सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में आयोजित सात दिवसीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 अंतर्गत दूसरे दिन छात्राओं के लिए पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि है।





16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष

श्री खाटूश्याम ज्योतिष दुर्ग



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा पं.एस.के. शास्त्री



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।